शिक्षा राज्य मंत्री श्री डोटासरा की पहल पर मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश गैर शैक्षिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाए जाने के लिए आदेश जारी

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
J-05-06-2020-10.docx (http://103.203.138.54/news/207227/document/J-05-06-2020-10.docx)

DESCRIPTION

शिक्षा राज्य मंत्री श्री डोटासरा की पहल पर मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश
गैर शैक्षिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाए जाने के लिए आदेश जारी

जयपुर, 5 जून। शिक्षा राज्य मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की पहल पर राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर शिक्षकों को कोविड-19 के सम्बन्ध में जारी राजकीय निर्देशों के अतिरिक्त अन्य गैर शैक्षिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा राज्य मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के समक्ष प्रदेश के कतिपय स्थानों पर शिक्षकों की गैर शैक्षिक कार्यों में ड्यूटी लगाए जाने के प्रकरण ध्यान में आये थे। श्री डोटासरा ने इस पर त्वरित प्रसंज्ञान लिया और शिक्षकों की जिला कलेक्टर्स एवं जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर जारी होने वाले आदेशों, शिक्षकों की कोरोना वारियर्स के अलावा अन्य शैक्षिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाए जाने के लिए निर्देश जारी करने हेतु मुख्य सचिव श्री डी.बी.गुप्ता को आग्रह किया था।

शिक्षा राज्य मंत्री श्री डोटासरा की पहल पर शुक्रवार को मुख्य सचिव श्री डी.बी.गुप्ता द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए हैं कि शिक्षकों की ड्यूटी कोविड-19 महामारी के संबंध में जारी राजकीय निदेशों के अतिरिक्त अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगायी जाए। उन्होंने इन आदेशों की कठोरता से पालना करने के भी निर्देश दिए हैं।

SUPPORTING IMAGES